# 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन' को बनाएं जन आंदोलन : राष्ट्रपति

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन, 2022' की शुरुआत करते हुए राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने मंगलवार को कहा कि इसमें भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इस जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाकर एक इतिहास बनाया जा सकता है।

कोविन्द ने राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्रदान किए, जिसमें जल संरक्षण की दिशा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले

**दिल्ली में यमुना के अति प्रदूषित होने पर जताई गंभीर चिंता, जल संरक्षण में उत्तर प्रदेश को मिला पहला राष्ट्रीय जल पुरस्कार**

उत्तर प्रदेश को पहला पुरस्कार प्रदान किया गया। जबकि दूसरा स्थान राजस्थान और तीसरा तमिलनाडु को प्राप्त हुआ। नदियों के प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यमुना की पूजा करने के लिए यमुनोत्री की कठिन यात्रा करते हैं, लेकिन जब हम राजधानी दिल्ली लौटते हैं तो पाते हैं कि वही नदी बेहद प्रदूषित हो गई है, जिसका पानी उपयोग के लायक नहीं है।

11 श्रेणियों में राज्य, संगठन और व्यक्तियों को 57 पुरस्कार दिए गए। इन श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत और सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं।